"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन-क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 50] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 15 दिसम्बर 2006—अग्रहायण 24, शक 1928

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 नवम्बर 2006

क्रमांक ई-7/21/2004/1/2.—श्री अजय सिंह, भा. प्र. से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 27-11-2006 से 29-11-2006 तक (3 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 26-11-2006 का शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित— -2006.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सिंह आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री सिंह को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

क्रमांक ई-7/4/2003/1/2.—श्री एस. के. तिवारी, भा. प्र. से., कलेक्टर, महासमुंद को दिनांक 06-12-2006 से 15-12-2006 तक (10 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 16, 17 एवं 18-12-206 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री तिवारी आगामी आदेश तक कलेक्टर, महासमुन्द के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री तिवारी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तिवारी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री तिवारी के उक्त अवकाश अवधि में श्री एन. के. खाखा, रा. प्र. से. अपर कलेक्टर, महासमुन्द अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ कलेक्टर, महासमुन्द का कार्य सम्पादित करेंगे.

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक ई-7/19/2004/1/2.—श्री सी. के. खेतान, भा. प्र. से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिनांक 13-12-2006 से 14-12-2006 तक (2 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री खेतान, आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री खेतान को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री खेतान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 5 दिसम्बर 2006

क्रमांक ई-7/8/2003/1/2.—श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, भा. प्र. से., विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग को दिनांक 05-12-2006 से 08-12-2006 तक (4 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 09 एवं 10 दिसम्बर, 2006 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्रीमती पिल्ले, आगामी आदेश तक विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगी.

3. अवकाश काल में श्रीमती पिल्ले को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती पिल्ले अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

संशोधन

क्रमांक 13755/12506/21-ब/छ. ग./2006.—इस विभाग के आदेश क्रमांक-12506/21-ब/छ. ग./2006, दिनांक 17-10-2006 में उल्लेखित स्टाफ ऑफिसर के पद पर पदोन्नत कर्मचारी "श्री एम. डी. देशमुख" के नाम में आंशिक संशोधन करते हुए "श्री एम. बी. देशमुख" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

संशोधन

क्रमांक 13757/12506/21-ब/छ. ग./2006.—इस विभाग के आदेश क्रमांक-12518/21-ब/छ. ग./2006, दिनांक 17-10-2006 में उल्लेखित अनुभाग अधिकारी के पद का वेतनमान रुपये "6500-225-10500" के स्थान पर वेतनमान रुपये "6500-200-10500" पढ़ा जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. सामंतराय, अति. सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 नवम्बर 2006

क्रमांक एफ 1-52/2006/16.—छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1961 (क्रमांक 26 सन् 1961) की धारा 3 (ए) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी समस्त अधिसूचनाओं को निरस्त करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा श्री एस. आर. दुग्गा, उप श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य के लिये "प्रमाणीकरण अधिकारी" नियुक्त करता है.

Raipur the 30th November 2006

No. F 1-52/2006/16.—In exercise of the powers conferred by sub-section (A) of section 3 of Chhattisgarh Industrial Employment (standing order) Act, 1961 (No. 26 of 1961) and in supersession of all Notification previously issued on the Subject by Labour Department Govt. of Chhattisgarh. In this regard, State Govt. hereby appoints Shri S. R. Dugga, Deputy Labour Commissioner as the Certifying Officer for the State of Chhattisgarh.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नारायण सिंह, सचिव.

रायपुर, दिनांक 30 नवम्बर 2006,

क्रमांक एफ 1-5/16/2006.—राज्य शासन द्वारा विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 08-09-2006 द्वारा उप-संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा रायगढ़ के कार्यालय के स्थापना की स्वीकृति दी गई है. उक्त कार्यालय के कार्यक्षेत्र में जिला जशपुर, सरगुजा तथा कोरिया सम्मिलित है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. सरोज, संयुक्त सचिव.

कृषि विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 अक्टूबर 2006

क्रमांक/4348/कृषि/बी-11/2006/14-2.—दि फर्टिलाइजर (कंट्रोल) आर्डर, 1985 के खण्ड 32 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक/कृषि/बी-11/2001/14-2/105 दिनांक 9-2-2002 में, एतद्द्वारा, निम्न संशोधन करती है :-

1. सारणी के अनुक्रमांक 1 के कालम 2 में अंकित शब्दों "अपर संचालक कृषि या संयुक्त संचालक कृषि (खाद तथा उर्वरक)" के स्थान पर शब्द "संचालक कृषि" प्रतिस्थापित किया जाता है,

2. सारणी के अनुक्रमांक 1 के कालम 3 में अंकित शब्दों "संयुक्त संचालक कृषि" के स्थान पर शब्द "अपर संचालक कृषि" प्रतिस्थापित किया जाता है.

Raipur the 16th October 2006

No. 4348/Krishi/B-11/2006/14-2.—In exercise of the powers conferred by section-32 of the Fertilizer (Control) Order, 1985, State Government hereby ; amends Agriculture Department notification No./Agri./B-11/2001/14-2/105, dated 9-2-2001, namely :-

1. in column 2, of serial No. 1 of the table, for the words "Additional Director of Agriculture or Joint Director of Agriculture (Manures & Fertilizer)" the words "Director of Agriculture" shall be substituted,

2. in column 3, of serial No. 1 of the table, for the words "Joint Director of Agriculture" the words "Additional Director of Agriculture" shall be substituted.

रायपुर, दिनांक 4 नवम्बर 2006

क्रमांक 397/4527/बी-8/11/2006-07/14-2.—भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग के पत्र क्रमांक/13011/15/99 क्रेडिट-II, दिनांक 16 जुलाई 1999 द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये तथा "राज्य स्तरीय उप समिति" की बैठक दिनांक 10-10-2006 में की गई अनुशंसा के आधार पर राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2006-07 मौसम के लिये संलग्न अनुसूची के अनुसार तहसीलों को उनके सम्मुख दर्शाई गई रबी फसल के लिये राज्य शासन एतद्द्वारा परिभाषित क्षेत्र घोषित करती है.

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजनांतर्गत रबी मौसम 2006-07 हेतु फसलवार अधिसूचित की जाने वाली तहसीलों की सूची

क्रमांक	फसल का नाम	जिला	परिभाषित तहसीलें
	(2)	(3)	(4)
	गेहूं सिंचित	रायपुर	1. रायपुर
			2. तिल्दा
			3. भाटापारा
			4. आरंग
			5. सिमगा
			6. पलारी
		[illegible]समुन्द	1. महासमुन्द
		धमतरी	1. कुरूद

(1)	(2)	(3)	(4)
		दुर्ग	1. दुर्ग
			2. पाटन
			3. धमधा
			4. बेमेतरा
			5. बेरला
			6. साजा
			7. गुण्डरदेही
			8. नवागढ़
		कबीरधाम (कवर्धा)	1. पण्डरिया
			2. कवर्धा
		बस्तर	1. जगदलपुर
		बिलासपुर	1. बिलासपुर
			2. कोटा
			3. बिल्हा
			4. मस्तुरी
			5. तखतपुर
			6. पेण्ड्रारोड (मरवाही तहसील सम्मिलित)
			7. मुंगेली
		जांजगीर-चांपा	1. मालखरौदा
			2. जांजगीर
		रायगढ़	1. रायगढ़
			2. खरसिया
		सरगुजा	1. अंबिकापुर
			2. राजपुर
			3. लुण्ड्रा
			4. सीतापुर
			5. सुरजपुर
			6. प्रतापपुर
			7. पाल
			8. वाड्रफनगर
			9. सामरी
		कोरिया	1. बैकुण्ठपुर
			2. मनेन्द्रगढ़
			3. भरतपुर
		जशपुर	1. बगीचा
		राजनांदगांव	1. राजनांदगांव
			2. डोंगरगांव
			3. डोंगरगढ़

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	गेंहू-असिंचित	रायपुर	1. आरंग
			2. पलारी
		धमतरी	1. कुरूद
		दुर्ग	1. दुर्ग
			2. पाटन
			3. गुण्डरदेही
			4. धमधा
			5. बेमेतरा
			6. बेरला
			7. नवागढ़
			8. साजा
			9. बालोद
			10. डौंडीलोहारा
		राजनांदगांव	1. राजनांदगांव
			2. डोंगरगढ़
			3. खैरागढ़
			4. छुईखदान
		कबीरधाम	1. कवर्धा
			2. पण्डरिया
		बिलासपुर	1. मुंगेली
			2. पेण्ड्रारोड (मरवाही तहसील सम्मिलित)
			3. लोरमी
			4. तखतपुर
		सरगुजा	1. सूरजपुर
3.	चना	रायपुर	1. रायपुर
			2. आरंग
			3. तिल्दा
			4. अभनपुर
			5. सिमगा
			6. भाटापारा
			7. पलारी
		धमतरी	1. धमतरी
			2. कुरूद
			3. नगरी
		दुर्ग	1. दुर्ग
			2. पाटन
			3. बालोद
			4. धमधा

(1)	(2)	(3)	(4)
			5. बेमेतरा
			6. बेरला
			7. नवागढ़
			8. साजा
			9. गुरूर
			10. गुण्डरदेही
			11. डौण्डीलोहारा
		राजनांदगांव	1. राजनांदगांव
			2. डोंगरगढ़
			3. छुईखदान
			4. खैरागढ़
			5. डोंगरगांव
		कबीरधाम (कवर्धा)	1. कवर्धा
			2. पण्डरिया
		बिलासपुर	1. तखतपुर
			2. मुंगेली
			3. लोरमी
			4. पेण्ड्रारोड (मरवाही सहित)
			5. कोटा
		जशपुर नगर	1. पत्थलगांव
		सरगुजा	1. अंबिकापुर
			2. सुरजपुर
4.	अलसी	धमतरी	1. कुरूद
			2. धमतरी
			3. नगरी
		महासमुंद	1. महासमुन्द
		दुर्ग	1. दुर्ग
			2. पाटन
			3. गुण्डरदेही
			4. धमधा
			5. बेमेतरा
			6. बेरला
			7. नवागढ़
			8. डौण्डीलोहारा
			9. साजा
			10. बालोद
		राजनांदगांव	1. राजनांदगांव

(1)	(2)	(3)	(4)
			2. डोंगरगढ़
			3. छुईखदान
			4. खैरागढ़
			5. डोंगरगांव
			6. मोहला
			7. अंबागढ़ चौकी
		कबीरधाम	1. कवर्धा
			2. पण्डरिया
		बिलासपुर	1. मुंगेली
			2. पेण्ड्रारोड (मरवाही तहसील शामिल)
			3. कोटा
		जांजगीर-चांपा	1. जांजगीर
			2. चांपा
		कोरबा	1. करतला
			2. पाली
		जशपुर नगर	1. पत्थलगांव
		सरगुजा	1. अंबिकापुर
			2. सीतापुर
			3. राजपुर
			4. सुरजपुर
			5. प्रतापपुर
			6. पाल (रामानुजगंज)
			7. वाड्रफनगर
			8. लुण्ड्रा
		कोरिया	1. बैकुण्ठपुर
5.	राई-सरसों	धमतरी	1. धमतरी
			2. कुरूद
		कबीरधाम (कवर्धा)	1. कवर्धा
			2. पण्डरिया
		बस्तर	1. जगदलपुर
			2. कोण्डागांव
			3. नारायणपुर
		कांकेर	1. अंतागढ़
		दंतेवाड़ा	1. दंतेवाड़ा

(1)	(2)	(3)	(4)
		बिलासपुर	1. पेण्ड्रारोड (मरवाही तहसील शामिल)
			2. कोटा
		जांजगीर-चांपा	1. जांजगीर
		कोरबा	1. कटघोरा
		रायगढ़	1. धरमजयगढ़
			2. लैलूंगा
		जशपुर नगर	1. जशपुर
			2. बगीचा
		सरगुजा	1. अंबिकापुर
			2. राजपुर
			3. लुण्ड्रा
			4. सीतापुर
			5. सुरजपुर
			6. प्रतापपुर
			7. पाल
			8. वाड्रफनगर
			9. सामरी
		कोरिया	1. सोनहत
			2. मनेन्द्रगढ़
			3. भरतपुर
			4. बैकुण्ठपुर
6.	आलू	सरगुजा	1. अंबिकापुर
			2. सीतापुर
			3. सुरजपुर
			4. पाल
		जशपुर	1. बगीचा

रायपुर, दिनांक 27 नवम्बर 2006

क्रमांक/5008/डी-15/79/2006/14-3.—छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा-5 उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक-6813-12678-चौदह (1), दिनांक 25 नवम्बर 1968 द्वारा स्थापित कृषि उपज मण्डी समिति बांधा बाजार के अन्तर्गत मण्डी क्षेत्र के निम्नांकित स्थान पर बने समस्त संरचना आहाता,

खुला स्थान या परिक्षेत्र को इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से उपमण्डी प्रांगण घोषित करती है, अर्थात् :-

स्थान

ग्राम अम्बागढ़ चौकी, तहसील अम्बागढ़ चौकी जिला-राजनांदगांव के निम्नलिखित खसरा क्रमांक के 3 एकड़ भूमि का क्षेत्र :-

क्रमांक	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल एकड़ में
1.	256/3 का टुकड़ा	2.00 एकड़
योग	1	2.00 एकड़

उपमण्डी क्षेत्र की सीमायें :-

(1) उत्तर में - आबादी भूमि
(2) दक्षिण में - शासकीय भूमि बाजार
(3) पूर्व में - पक्की सड़क
(4) पश्चिम में - आबादी एवं लगानी भूमि

Raipur, the 27th November 2006

No./5008/D-15/74/2006-07/14-3.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of section 5 of the Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, hereby, declares that with effect from the date of publication in the official Gazette the following place including any structure, enclosures, open place or locality in the market area of Krishi Upaj Mandi Samiti, Bandha Bazar District Rajnandgaon established by this previous department notification No. 6813-12678 fourteen-1 Bhopal dated 25-11-1968, shall be sub market yard, namely :-

PLACE

An area of about 3 acre 1 and of following khasara Nos. at village Ambagarh-Chowki Tehsil Ambagarh Chowki, District Rajnandgaon.

No.	Khasara No.	Area in acre
1.	Piece of 256/3	2.00 Acre
Total	**1**	**2.00 Acre**

Boundry of Sub-market Yard

1. **On the North by** - Abadi land
2. **On the South by** - Government land, Bazar
3. **On the East by** - Pakki sadak
4. **On the West by** - Abadi and lagani bhumi

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रताप कृदत्त, उप-सचिव.

ग्रामोद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ 1-8/03/(6) 52.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प की गतिविधियों के संचालन एवं विकास के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के गठन की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 21-7-2004 की कंडिका "स" के अनुसार संचालक मण्डल में हस्तशिल्प एवं समाज सेवा से जुड़े हुये निम्नलिखित दो शिल्पियों/व्यक्तियों को अशासकीय सदस्य मनोनित करता है :-

1. श्री प्रदीप आचार्य, पिता स्व. श्री चुन्नी भाई आचार्य, नंदई चौक, राजनांदगांव (छ. ग.)

2. श्री गजानंद कुम्भकार, पिता स्व. श्री लखनलाल कुम्भकार, कवर्धा, जिला-कबीरधाम, (छ. ग.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, अवर सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 11 अक्टूबर 2006

क्रमांक /8032/06/25-2/आजाकवि.—छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक-11791/डी-2307/21-ब/छ. ग./2006, दिनांक 25-9-06 द्वारा श्री सतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कांकेर की सेवाएं इस विभाग को वक्फ अधिकरण, रायपुर में पीठासीन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गई है.

2. राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री सतीष कुमार सिंह को विभाग में उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पीठासीन अधिकारी, वक्फ अधिकरण, रायपुर के पद पर, अन्य आदेश पर्यन्त, पदस्थ करता हूं.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. ठाकुर, अवर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 नवम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-55/दो/गृह/06.—वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 26 जुलाई, 2006 को प्रश्नपत्र "पुस्तपालन तथा कर निर्धारण" (पुस्तक सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्रीमती याचना ताम्ब्रे	वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्रीमति राखी गोयल	वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर
3.	सोनल खण्डूजा	वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-44/दो/गृह/06.—सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "दांडिक विधि तथा प्रक्रिया-प्रथम प्रश्न पत्र" (पुस्तकों सहित) एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र आदेश/निर्णय का लिखा जाना विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री जागेश्वर कुमार कौशल	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर
2.	श्री विकास माहेश्वरी	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर
3.	श्री अमित कुमार गुप्ता	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर
4.	श्री महेश सिंह राजपूत	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर
5.	श्रीमती चंदनसंजय त्रिपाठी	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर
6.	श्री शैलेन्द्र कुमार बड़ौनियां	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर
7.	कु. तुलिका प्रजापति	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर
8.	कु. प्रियंका थवाईत	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर
	परीक्षा केन्द्र बिलासपुर		
9.	श्री अन्बलगन पी.	सहायक कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर

2. निम्नांकित परीक्षार्थियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रश्न-पत्र में अपेक्षित स्तर अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर लेने के फलस्वरूप उक्त प्रश्न-पत्र में आगामी परीक्षा में बैठने से छूट प्रदान की जाती है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	प्रश्न पत्र (4)	उत्तीर्ण होने का स्तर (5)
1.	कु. सुनीता केशरवानी	नायब तहसीलदार	द्वितीय में	निम्नस्तर
2.	कु. लीना ध्रुव	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
3.	श्री सुखनाथ अहिरवार	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
4.	कु. रजनी भगत	नायब तहसीलदार	द्वितीय में	निम्नस्तर
	परीक्षा केन्द्र बिलासपुर			
5.	श्री मुकेश कुमार बंसल	सहायक कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
6.	श्री रजत कुमार	सहायक कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
7.	श्री एस. प्रकाश	सहायक कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
8.	श्री राजेश सुकुमार टोप्पो	सहायक कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-49/दो/गृह/06.—सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 25 एवं 26 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया प्रथम प्रश्न-पत्र भाग-बी" (बिना पुस्तकों के) भाग सी- (बिना पुस्तकों के) एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र (पुस्तकों सहित) व तृतीय प्रश्न पत्र विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री एस. प्रकाश	सहायक कलेक्टर	प्रथम एवं तृतीय में उच्चस्तर, द्वितीय में सश्रेय.
2.	कु. गीता शुक्ला	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
3.	श्री राजेश सुकुमार टोप्पो	सहायक कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय, तृतीय में उच्चस्तर

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
4.	श्रीमती पूनम शर्मा	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
5.	श्री सुधांशु सक्सेना	नायब तहसीलदार	प्रथम में उच्चस्तर
6.	कु. गीता रायस्त	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
7.	श्री जागेश्वर कुमार कौशल	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
8.	श्री महेश कुमार राजपूत	नायब तहसीलदार	प्रथम में उच्चस्तर तृतीय में निम्नस्तर
9.	श्री शैलेन्द्र कुमार बडौनिया	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
10.	श्री प्रकाश कुमार टण्डन	नायब तहसीलदार	प्रथम में उच्चस्तर
11.	श्री अमित कुमार गुप्ता	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
12.	श्री दीपक कुमार अग्रवाल	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में उच्चस्तर

2. निम्नांकित परीक्षार्थियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रश्न-पत्र में अपेक्षित स्तर अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर लेने के फलस्वरूप उक्त प्रश्न-पत्र में आगामी परीक्षा में बैठने से छूट प्रदान की जाती है :-

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	प्रश्न पत्र (4)	उत्तीर्ण होने का स्तर (5)
1.	श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव खरे	अधीक्षक	प्रथम एवं द्वितीय में	निम्नस्तर

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	प्रश्न पत्र (4)	उत्तीर्ण होने का स्तर (5)
2.	श्री रजत कुमार	सहायक कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
3.	श्री मनदीप सिंह बरार	सहायक कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
4.	श्री मुकश कुमार बंसल	सहायक कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
			द्वितीय में	सश्रेय
5.	श्री ओम प्रकाश चौधरी	सहायक कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
			द्वितीय में	सश्रेय

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
6.	कु. रोक्तिमा रॉय	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में	उच्चस्तर
7.	श्रीमती फरिहा आलम	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
		परीक्षा केन्द्र रायपुर		
8.	श्री संजय कन्नौजे	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
9.	श्री सुखनाथ अहिरवार	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
10.	कु. रजनी भगत	नायब तहसीलदार	प्रथम एवं द्वितीय में	निम्नस्तर
11.	श्री अविनाश चम्पावत	आई. ए. एस.	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
12.	श्री भगवान सिंह उइके	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
13.	कु. सुनीता केशरवानी	नायब तहसीलदार	द्वितीय में	उच्चस्तर
			तृतीय में	निम्नस्तर
14.	कु. आर. संगीता	सहायक कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
15.	श्री विकास महेश्वरी	नायब तहसीलदार	प्रथम में	निम्नस्तर
16.	श्रीमती जयश्री जैन	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
17.	कु. प्रियंका थवाईत	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	सश्रेय
18.	श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
19.	श्री बनसिंह नेताम	नायब तहसीलदार	प्रथम में	निम्नस्तर
20.	कु. तुलिका प्रजापति	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
21.	कु. सन्तन देवी जांगड़े	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर
22.	कु. लीना ध्रुव	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में	उच्चस्तर
23.	कु. पद्मिनी भोई	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम एवं द्वितीय में	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-67/दो/गृह/06.—सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "लेखा प्रथम" (बिना पुस्तकों के) एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	कु. सुनीता केशरवानी	नायब तहसीलदार	प्रथम एवं द्वितीय में सश्रेय
2.	कु. रजनी भगत	नायब तहसीलदार	प्रथम में उच्चस्तर द्वितीय में निम्नस्तर
3.	कु. आर. संगीता	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
4.	श्री अविनाश चम्पावत	आई. ए. एस.	प्रथम में सश्रेय
		परीक्षा केन्द्र जगदलपुर	
5.	श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव खरे	अधीक्षक	प्रथम में सश्रेय द्वितीय में निम्नस्तर

(1)	(2)	(3)	(4)
	परीक्षा केन्द्र बिलासपुर		
6.	श्री एस. प्रकाश	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
7.	श्री रजत कुमार	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
8.	श्री मनदीप सिंग बरार	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
9.	श्री मुकेश कुमार बंसल	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
10.	श्री ओमप्रकाश चौधरी	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
11.	श्री राजेश सुकुमार टोप्पो	सहायक कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-69/दो/गृह/06.—पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "लेखा प्रथम" (बिना पुस्तकों के) "लेखा भाग द्वितीय" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री अजय शर्मा	जिला महिला बाल विकास अधिकारी	उच्चस्तर
	परीक्षा केन्द्र बिलासपुर		
2.	श्री मुक्ता नंद खुटे	जिला महिला बाल विकास अधिकारी	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-72/दो/गृह/06.—नैसर्गिक संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "लेखा" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री चन्द्रशेखर भारद्वाज	सहा. भौमिकी विधि	उच्चस्तर
2.	श्री हरिश कुमार ध्रुव	सहा. भौमिकी विधि	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-76/दो/गृह/06.—पशु चिकित्सा विभाग के सिविल पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 28 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "लेखा भाग एक" (पुस्तकों सहित), "लेखा भाग दो" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	डॉ. निर्मल कुमार केडिया	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
2.	डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
3.	डॉ. अजय कुमार शर्मा	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
	परीक्षा केन्द्र जगदलपुर		
4.	डॉ. राजकुमार कुर्रे	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
5.	डॉ. संजय कुमार राज	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
6.	डॉ. कांशीराम बघेल	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
7.	डॉ. साधना सुनहरे	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
8.	डॉ. विजय कुमार कुर्रे	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर
9.	डॉ. रामचन्द्र रामटेके	सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2006

क्रमांक एफ-9-77/दो/गृह/06.—मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 2 जुलाई, 2006 को प्रश्न-पत्र "लेखा भाग एक" (बिना पुस्तकों के), "लेखा भाग दो" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री अशोक कुमार महिस्वार	सहायक संचालक	उच्चस्तर
2.	श्रीमति सुधा दास	सहायक संचालक	उच्चस्तर
	परीक्षा केन्द्र जगदलपुर		
1.	श्री नारायण सिंह नाग	सहायक संचालक	उच्चस्तर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. जैन, सचिव.

जनसंपर्क विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 1 दिसम्बर 2006

कमांक 751/एफ/जसं/13–2/24/06 संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क तृतीय श्रेणी (सचिवीय और अनुसचिवीय) सेवा में भर्ती के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है अर्थात छत्तीसगढ़ प्रदेश जनसंपर्क (सचिवीय और अनुसचिवीय) कर्मचारी भर्ती नियम 2003 :–

नियम

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :– (1) ये नियम छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क तृतीय श्रेणी (सचिवीय और अनुसचिवीय) सेवा भर्ती नियम, 2006 कहलाएंगे।

(2) ये नियम, "छत्तीसगढ़ राजपत्र" में प्रकाशित किए जाने की तारीख से लागू होंगे।

2. परिभाषाएं :– इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो ;

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, संचालक, जनसम्पर्क छत्तीसगढ़;

(ख) "संचालक" से अभिप्रेत है, संचालक, जनसम्पर्क छत्तीसगढ़ ;

(ग) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन ;

(घ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ;

(ड) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची

(च) "अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का वही अर्थ होगा, जो उनके लिए विधान के अनुच्छेद 366 के खंड (24) और (25) में क्रमशः दिया गया है तथा जिसे समय–समय पर राज्य शासन द्वारा इस रूप में अधिसूचित किया जाए ;

(छ) अन्य पिछड़ा वर्ग से अभिप्रेत है राज्य शासन द्वारा समय–समय पर संशोधित छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5 पच्चीस–4–84 दिनांक 26.12.84 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़ा वर्ग ;

(ज) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क तृतीय श्रेणी (सचिवीय एवं अनुसचिवीय) सेवा ;

(झ) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य ।

(ञ) परीक्षा से तात्पर्य नियम–10 के अंतर्गत (सेवा में) भर्ती के लिए ली गई प्रतियोगिता परीक्षा से है ।

3. विस्तार तथा प्रयुक्ति :– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिए गए उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम इस सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. सेवा का गठन :– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात :– (1) इन नियमों के प्रारंभ के समय अनुसूची–एक में उल्लेखित पदों पर मौलिक/स्थानापन्न रूप से नियुक्त व्यक्ति।

(2) इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व सेवा में भर्ती किए गए व्यक्ति और

(3) इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गए व्यक्ति ।

5. <u>वर्गीकरण वेतनमान</u> आदि :— सेवा का वर्गीकरण, उसके लिए वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदो की संख्या, इससे संलग्न अनुसूची एक में दिए गए उपबंधों के अनुसार होगी। परन्तु शासन सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में समय–समय पर स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. **भर्ती का तरीका** :— (1) इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी; अर्थात :—

(क) (एक) प्रतियोगी परीक्षा से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) अनुसूची पांच में दी गयी स्कीम के अनुसार सचिवीय सेवा के कर्मचारियों में से चयन द्वारा.

(ख) सेवा के सदस्यों (जैसे कि अनुसूची चार के कॉलम) (2) में अंकित है,)की पदोन्नति द्वारा।

(ग) निर्दिष्ट सेवाओं में निर्दिष्ट पदों पर मौलिक/स्थापन्न रूप से नियुक्त व्यक्तियों के स्थानांतरण /प्रतिनियुक्ति द्वारा ।

(2) उप नियम (1) के खंड (ख) तथा (ग) के अधीन भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या किसी भी समय अनुसूची एक में उल्लेखित पदों की संख्या के साथ अनुसूची दो में बताए गए प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन, भर्ती की किसी भी विशेष अवधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा के किसी भी विशेष पद या पदों को भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर संचालक द्वारा शासन के परामर्श से निश्चित की जाएगी।

(4) सेवा में भर्ती करते समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम–1994 के प्रावधानों तथा इस नियम के अधीन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले निर्देश भी लागू होंगे।

(5) उपनियम (1) में दी गई किसी बात के होते हुए भी संचालक की राय में सेवा की आवश्यक्ताओं को देखते हुए आवश्यक होने पर संचालक/आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति से सेवा में भर्ती संबंधि उन तरीकों को छोड़ जिनका उक्त उपनियम में उल्लेख किया गया है ऐसे तरीके अपना सकेगा जो शासन द्वारा इस संबंध में जारी किये आदेश द्वारा विहित किए जाएं।

7. <u>सेवा में नियुक्ति</u>:— इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में समस्त नियुक्तियां संचालक/आयुक्त द्वारा की जाएगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में उल्लेखित भरती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन/परीक्षा करने के बाद ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. <u>"प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती सचिवीय सेवा में से किए जाने वाले चयन को अपवर्जित करते हुए"</u> :— परीक्षा में स्पर्धा/चयन के समय पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्ते पूरी करनी चाहिए अर्थात :—

(एक) <u>आयु</u> :—

(क) चयन/परीक्षा प्रारंभ होने की तारीख के बाद आने वाली पहली जनवरी को उसने अपनी आयु के, जैसे कि अनुसूची तीन के स्तंभ 5 में निर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो, किन्तु अनुसूची तीन के स्तंभ 6 में निर्दिष्ट आयु पूरी न की हो।

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो आयु की अधिकतम सीमा में अधिक से अधिक पांच वर्ष तक छूट दी जाएगी। महिला अभ्यर्थियों के मामले में सीधी भर्ती में उच्चतम आयु सीमा में 10 वर्ष तक छूट दी जायेगी /शिथिलनीय होगी, किन्तु विधवा, तलाक् शुदा को 15 वर्ष का लाभ दिया जाएगा ।

(ग) उन अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में, जो छत्तीसगढ़ राज्य शासन के कर्मचारी हो अथवा कर्मचारी रह चुके हों, निम्नलिखित सीमा तक, तथा निम्नलिखित शर्तों के अधीन छूट दी जाएगी :-

(1) जो अभ्यर्थी शासन का स्थायी अथवा अस्थायी कर्मचारी हो उसकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(2) अस्थायी पद धारण करने वाले तथा किसी अन्य पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यही रियायत आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी लागू होगी।

(दो) जो अभ्यर्थी छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष की अवधि, भले ही वह अवधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते इसके परिणामं स्वरूप जो आयु निकले, वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

व्याख्या– शब्द " छटनी किए गए शासकीय कर्मचारी" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो इस राज्य अथवा किसी भी संघटक इकाई की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम 6 माह तक निरंतर रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अथवा आवेदन–पत्र देने की तिथि से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किए जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो।

(तीन) जो अभ्यर्थी भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी समस्त प्रतिरक्षा सेवा की समस्त अवधि कम करने की अनुमति दी जाएगी। बशर्ते इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले, वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

व्याख्या– शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः माह की अवधि तक निरंतर सेवा करता रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए अथवा आवेदन करने की तिथि से अधिक से अधिक तीन वर्ष पहले मितव्ययिता इकाई (यूनिट) की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण, छटनी की गयी हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक घोषित कर दिया गया हो :–

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें मस्टरिंग आऊट कन्सेशन के अन्तर्गत सेवा मुक्त किया गया हो ।
(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा भर्ती किया गया हो, और

(क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर

(ख) भर्ती संबंधी शर्तें पूर्ण हो जाने पर सेवामुक्त किया गया हो,

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कर्मचारी,

(4) संविदा पूरी होने पर सेवामुक्त किए गए अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल है,

(5) अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के बाद सेवा मुक्त किए गए अधिकारी,

(6) असमर्थ होने के कारण सेवा से अलग किए गए भूतपूर्व सैनिक,

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवा से मुक्त किया गया हो कि अब वे सक्षम सैनिक नहीं बन सकेंगे।

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने तथा घाव आदि हो जाने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(9.) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थी को अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट दी जाएगी,

(10) आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पार्टनर को सामान्य अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

(11)विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी उम्मीद्वारों को सामान्यतः अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी।

(12)छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारियों को अधिकतम आयु सीमा में 38 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

(13) स्वयं सेवी नगर सैनिकों (होम गार्ड्स) को उनके द्वारा पूर्व में की गयी नगर सेना सेवा की अवधि के पूर्ण वर्षों के बराबर सामान्य अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। उपर्युक्तानुसार छूट की सीमा 8 वर्ष होगी अर्थात ऐसी छूट देने पर संबंधित नगर सैनिक की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टीपः— उपर्युक्त खण्ड (ग) (एक) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अन्तर्गत जिन अभ्यार्थियों को परीक्षा/चयन के योग्य माना गया हो, वे यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् परीक्षा चयन से पहले अथवा बाद में सेवा से त्यागपत्र दे दें, तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे तथापि, यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छटनी की जाए तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे। किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जावेंगी।

विभागीय अभ्यर्थियों को चयन हेतु उपस्थित होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिए । इसके अतिरिक्त आयु सीमा में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय—समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

(2) **शैक्षणिक योग्यताएं :–**

अभ्यर्थी के पास सेवा के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए जो कि इसमें संलग्न अनुसूची तीन में दर्शायी गयी है ।

(क) अपराधिक मामले में चयन समिति, संचालक/आयुक्त की सिफारिश पर किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा जिसके पास इस खण्ड में निर्धारित अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो जिसके कारण चयन समिति अभ्यर्थी को परीक्षा के योग्य समझती हो और

(ख) चयन समिति अपने विवेकानुसार चयन के लिए ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में भी विचार कर सकेगी जो अन्यथा अर्ह हो किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त न की हो जो शासन द्वारा विशिष्ट रूप से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय न हो ।

(3) **शुल्क:–**

अभ्यर्थी को चयन समिति द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

9. **अनर्हता:–** अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थता के लिए सहायता प्राप्त करने के लिए किसी भी जरिए से किया गया कोई भी प्रयास चयन समिति द्वारा उनके चयन/परीक्षा में बैठने के संबंध में अनर्हता के रूप में माना जाएगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा:–** परीक्षा में बैठने/चयन के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्य बात के संबध में समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा समिति द्वारा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने/समक्ष साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसे समिति ने प्रवेश प्रमाण पत्र न दिया हो।

11. (क) प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती सचिवीय सेवा में से किए जाने वाले चयन को अपवर्जित करते हुए :–

(1) सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अन्तर से ली जावेगी जिसे संचालक/आयुक्त समय–समय पर चयन समिति से परामर्श कर निश्चित करें।

(2) चयन समिति द्वारा परीक्षा ऐसे आदेशों के अनुसार ली जाएगी, जिन्हें संचालक/आयुक्त समय–समय पर चयन समिति से परामर्श कर निश्चित करें।

(3) सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध रिक्त स्थानों में से 16 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 14 प्रतिशत स्थान क्रमशः अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रक्षित रखे जाएंगे।

(4) इस प्रकार रक्षित रिक्त स्थानों को भरते समय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर विचार नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में अंकित उनके नामों के क्रम के अनुसार किया जाएगा, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षित स्थान कुछ भी क्यों न था।

(5) प्रशासन की दक्षता बनाए रखने का समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा चुने गए अनुसूचित जाति तथा जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी उप

नियम (3) के अधीन यथा स्थिति, अजा. अ.ज.जा. एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रक्षित रिक्त स्थानों पर नियुक्त किए जा सकेंगे। महिलाओं के पक्ष में समस्त पदों के 30 प्रतिशत पद आरक्षित रहेंगे तथा उक्त आरक्षण सम–स्तर और प्रभागवार (होरीजेन्टल एंड कम्पार्टमेंट वाइज) होगा। शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदों की भर्ती की जाएगी।

(ख) चयन द्वारा सीधी भर्ती:–(1) सेवा में भर्ती के लिए चयन ऐसे अंतर से किया जाएगा जिसे नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर चयन समिति से परामर्श कर निश्चित करें।

(2) सेवा के लिए अभ्यर्थियों का चयन, समिति द्वारा उनसे साक्षात्कार लेने के पश्चात् किया जाएगा।

(3) सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध रिक्त स्थानों में से 16 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 14 प्रतिशत स्थान क्रमशः अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रक्षित रखे जाएंगे।

(4) इस प्रकार रक्षित रिक्त स्थानों को भरते समय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर विचार नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में अंकित उनके नामों के क्रम के अनुसार किया जाएगा, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षित स्थान कुछ भी क्यों न था।

(5) प्रशासन की दक्षता बनाए रखने को समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा चुने गए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थिया उप नियम (3) के अधीन यथा स्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए रक्षित रिक्त स्थानों पर नियुक्त किए जा सकेंगे।

(6) यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित सभी रिक्त स्थानों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों तो शेष रिक्तियां केवल उन अभ्यर्थियों के लिये पुनर्विज्ञापित की जायेगी ।

यदि पुनर्विज्ञापन के पश्चात भी कोई रिक्तियां भरी जाना शेष हो तो वे सामान्य अभ्यर्थियों '' में से भरे जायेगे तथा अतिरिक्त रिक्तियों की समतुल्य संख्या पश्चातवर्ति चयन के दौरान अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्गो के अभयर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेगे।

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों (अग्रणीय पदों सहित) यथास्थिति के अभयर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की कुल संख्या किसी भी समय कुल विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी

12. (क) चयन समिति द्वारा सिफारिश किए गए अभयर्थियों की सूची :–(1) चयन समिति द्वारा निश्चित किए गए मानकों के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम से बनायी गयी सूची तथा अनूसूचित

जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उन अभयर्थियों की सूची जो यद्यपि उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं है किन्तु जिन्हें चयन समिति ने प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया है, संचालक/आयुक्त को अग्रेषित करेगा। यह सूची सर्व साधारण की सूचना के लिए भी प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के उपबंधों के अधीन, उपलब्ध रिक्त स्थानों पर सूची में दिए गए नामों के क्रम में अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में विचार किया जाएगा।

सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम शामिल किए जाने संबंधी तथ्य हो उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, जब तक संचालक/आयुक्त ऐसी जांच करने के बाद जिसे वह आवश्यक समझे इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(ख) <u>सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सूचना सहायकों के पद पर चयन द्वारा सीधी भर्ती</u> :–

(एक) सचिवीय सेवा में से सूचना सहायक का पद भरने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूची–पांच में अधिकथित स्कीम के अनुसार प्रतिवर्ष ऐसे समय पर जैसा वह अवधारित करें एक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करेगा।

(दो) उप नियम (एक) के अनुसार सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध पदों में से 16 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 14 प्रतिशत पद क्रमशः अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे ।

(तीन) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें उनके नाम चयन सूची में आए है, चाहे अन्य अभ्यर्थियों के नामों की तुलना में उनके सापेक्षित रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(चार) यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित सभी रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हो तो शेष रिक्तियां अन्य ऐसे अभ्यर्थियों से भरी जायेगी जिन्होने सीमित प्रतियोगी परीक्षा अर्हता प्राप्त कर ली है ओर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित वे रिक्तियां जो भरी नहीं गई है, व्यपगत हो जायेगी

परन्तु आपांती कमीशन तथा अल्प सेवा कमीशन के सेवा मुक्त अधिकारियों को सेवा में नियुक्ति के बाद सामान्य प्रशासन विभाग के दिनांक 21 अक्टूबर 1967 के ज्ञापन क्रमांक 2266/1987(3)67 के अनुसार जिस तारीख से सेवा में नियुक्त माना गया है उसी तारीख से उनकी सेवा की गणना की जायेगी ।

(पांच) नियुक्ति के लिए सिफारिश किए गए उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची उन अभ्यर्थियों की, जिन्होंने ऐसे मानक से जैसा कि अनुसूची–पांच में विहित है, स्वयं को अर्ह किया है और अनुसूचित

जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उन अभ्यर्थियों की, जो यद्यपि उस मानक तक अर्ह न हो किन्तु जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रशासन की दक्षता बनाए रखने का सम्यक ध्यान रखते हुए नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया गया है, योग्यता क्रम में एक सूची बनायी जाएगी, यह सूचीं अंतिम रूप से तैयार करने की तारीख से, एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य रहेगी।

(छः) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए उपलब्ध रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें उनके नाम सूची में आए हैं।

(सात) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं हो जाता जब तक नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा वह आवश्यक समझे यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

13. <u>पदोन्नति द्वारा नियुक्ति</u> :– (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए अनुसूची चार में उल्लेखित सदस्यों की एक समिति गठित की जाएगी।

(2) समिति की बैठक सामान्यतः वर्ष में कम से कम एक बार होगी।

(3) ऐसे पदों में जिनमें अनुसूची–दो के कालम तीन में एक से अधिक पद हो, उन पदों के 16 प्रतिशत अनुसूचित जातियों तथा 20 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों के उन कर्मचारियों के लिए रक्षित हो जाएंगे जो नियम 14 के उपबंधों के अनुसार पदोन्नति के लिए पात्र होंगे । पदोन्नति में छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के अनुसार पदोन्नति माडल रोस्टर के अनुसार किये जायेंगे ।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति की प्रक्रिया उप नियम (4) में उल्लेखित नियम अनुसार तथा अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार रहेगी।

14. <u>पदोन्नति के लिए पात्रता संबंधी शर्तें</u> :–

(1) अनुसूची चार उपनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए समिति उन सभी व्यक्तियों की पदोन्नति के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को उन पदो पर, संलग्न अनुसूची चार के कालम–2 में उल्लिखित पद/ सेवा पर पदोन्नति की जाती है या किसी अन्य पद या पदों पर, जिन्हें शासन ने उनके समतुल्य घोषित किया हो, स्थानापन्न या मौलिक रूप से संलग्न अनुसूची चार के कॉलम (4) में उल्लेखित वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो और जो उपनियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचार क्षेत्र में आते हों।

<u>स्पष्टीकरणः</u>– <u>पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति</u> :– संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की अवधि की गणना

उस कलेण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक फीडर वर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है, फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं ।

परन्तु आपाती कमीशन तथा अल्प सेवा कमीशन के सेवा मुक्त अधिकारियों को सेवा में नियुक्ति के बाद सामान्य प्रशासन विभाग के दिनांक 21 अक्टूबर 1967 के ज्ञापन क्रमांक 2266/1987/1 (3) 67 के अनुसार जिस तारीख से सेवा में नियुक्ति माना गया है, उसी तारीख से उनकी सेवा की गणना की जायेगी ।

परन्तु यह और कि इस नियम के अंतर्गत किसी कनिष्ठ व्यक्ति को पदोन्नति के लिए केवल उनकी निर्धारित सेवा की अवधि पूरी करने के आधार पर अपने से वरिष्ठ व्यक्ति से पहले विचार नहीं किया जाएगा।

(2) <u>चयन का क्षेत्र</u>:–(क) योग्यता–सह–जयेष्ठता के आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए चयन में 1,2 एवं 3 पदों के लिए चयन सूची में सम्मिलित किये जाने वाले कर्मचारियों की संख्या 5,8,10 होंगे । सामान्यतः फार्मुला होगा कि रिक्तियों का दुगुना कर उसमें चार जोड़ा जायेगा ।

स्पष्टीकरण:–ऐसे किसी व्यक्ति को जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया है, किन्तु जो सूची की विधि मान्यता के दौरान पदोन्नत न किया गया हो, केवल उसके पूर्वतर चयन के तथ्य से ही उन लोगों के उपर जिन पर पश्चातवर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का दावा नहीं रहेगा ।

(ख) यदि इस प्रकार के चयन, पुनरावलोकन अथवा पुनरीक्षण के दौरान यह प्रस्तावित किया जाय की यथा स्थिति सेवा के किसी सदस्य का अधिक्रमण किया जाय तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में अपने कारण को लिपिबद्ध करेगी ।

15. <u>प्रवर सूची पर संचालक/आयुक्त का अनुमोदन</u>:–

नियम 14 के अनुसार तैयार की गयी सूची समिति द्वारा निम्नलिखित के साथ संचालक/आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी :–

(1) सूची में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के अभिलेख

(2) अनुसूची चार के कालम 2 में दर्शित सेवा के ऐसे सभी सदस्यों के अभिलेख जिनका समिति की सिफारिश के अनुसार अधिक्रमण किया जाना प्रस्तावित हो।

(3) अनुसूची चार के कालम दो में दर्शित सेवा के किसी सदस्य के प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में समिति द्वारा लेखबद्ध किए गए कारण और

(4) समिति की सिफारिशों पर संचालक/आयुक्त के विचार।

16. <u>प्रवर सूची</u> –

संचालक समिति से प्राप्त हुए अन्य दस्तावेजों के साथ–साथ समिति द्वारा तैयार की गयी सूची पर विचार करेगा और यदि उनमें वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे तो उसे अनुमोदित करेगा। यदि संचालक समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों के

संबंध में समिति को सूचित करेगा तथा समिति उस पर यदि कोई मत प्रकट करे तो उस पर ध्यान देते हुए संचालक ऐसे संशोधनों सहित यदि कोई हो, जो उसकी राय में न्यायोचित तथा उपयुक्त हो सूची का अंतिम रूप से अनुमोदन कर सकेगा।

(1) समिति द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची सेवा के सदस्यों की अनुसूची चार के कालम 3 में उल्लिखित पद पर अनुसूची चार के कालम 2 में उल्लिखित पद से पदोन्नत करने के लिए प्रवर सूची होगी।

(2) प्रवर सूची सामान्यतया तब तक लागू रहेगी जब तक कि नियम 14 के उपनियम (3) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण न किया जाए, किन्तु इस सूची की वैधता उसके बनाने की तारीख से 18 माह की कुल कालावधि से परे नहीं बढ़ायी जाएगी।

परन्तु प्रवर सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्त्तव्य के निर्वाह अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकारी के कहने पर प्रवर सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि संचालक उचित समझे तो प्रवर सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा।

17 **प्रवर सूची से सेवा में नियुक्तिः** –(1) प्रवर सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां उसी क्रम से की जाएगी जिस क्रम में ऐसे अभ्यर्थियों के नाम प्रवर सूची में हों :– परन्तु जहाँ प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण ऐसा करना जरूरी हो वहां किसी व्यक्ति का, जिसका नाम प्रवर सूची में न हो या प्रवर सूची में जिसका अगला नाम न हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा यदि शासन को यह समाधान हो जाये कि रिक्त स्थान संभवतः तीन माह से अधिक अवधि के लिये नहीं है।

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की प्रवर सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित करने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तिथि की बीच की अवधि में उसके कार्य में ऐसी कोई खराबी उत्पन्न न हो जाए जो संचालक की राय में, उसे सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त सिद्ध करता हो।

18. **परिवीक्षाः–**

सेवा में सीधी भरती किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

19. **निर्वचनः–**

यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठे तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा और उस पर उसका निर्णय अंतिम होगा।

20. **छूटः–** इन नियमों में दी गयी किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह ऐसे व्यक्ति के संबंध में जिस पर ये नियम लागू होते हों, ऐसी रीति से कार्यवाही करने के राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है, जो उसको उचित और न्यायसंगत प्रतीत होती है:

परन्तु मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो।

21. (क) निरसन तथा व्यावृत्तिः— इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारंभ होने के ठीक पहले लागू सभी नियम इसके द्वारा इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के संबंध में निरसित किए जाते हैं।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गयी कार्रवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गयी कार्रवाई समझी जाएगी।

(ख) व्यावृत्ति: — इन नियमों की कोई भी बात, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य शासन द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए आदेशों के अनुसार उपबंधित किए जाने के लिए अपेक्षित आरक्षण और अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिनेश कुमार श्रीवास्तव, विशेष सचिव.

अनुसूची–एक
नियम–5 देखिए

स0 क्र0	सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या			वर्गीकरण	वेतनमान
		स्थायी	अस्थायी	कुल		
1	2	3	4	5	6	7
1.	मुख्य छायाचित्रकार	01	......	01	तृतीय श्रेणी कार्यपालिक	5500–175–9000
2.	सहायक जनसंपर्क अधि0	14	–	14	–0–	5500–175–9000
3.	छाया चित्रकार	01	–	01	–0–	5000–150–8000
4.	सहायक छायाचित्रकार	11	–	11	–0–	4500–125–7000
5.	सूचना सहायक ग्रेड–1	44	–	44	–0–	4500–125–7000
6.	सूचना सहायक ग्रेड–2	07	–	07	–0–	4000–100–6000
7.	प्रचार सहायक ग्रेड–2	03	–	03	–0–	3500–80–4700–100–5200
8.	तकनीशियन (नियमित) (डाइंग कैंडर)	02	–	02	–0–	3050–75–3950–80–4590
9.	तकनीशियन (नैमेत्तिक) (डाइंग कैंडर)	03	–	03	–0–	कलेक्टर दर
10.	कारपेंटर कम मैकेनिक (डाइंग कैंडर)	01	–	01	–0–	3050–75–3950–80–4590
11.	भारी वाहन चालक नियमित (ड़ाइंग कैंडर)	01	–	01	–0–	3500–80–4700–100–5200
12	वाहन चालक (नियमित)	07	–	07	–0–	3050–75–3950–80–4590
13.	वाहन चालक (नैमेत्तिक)	26	–	26	–0–	कलेक्टर दर
14.	संचार सहायक ग्रेड–1	01	–	01	–0–	5000–150–8000
15.	संचार सहायक ग्रेड–3	03	–	03	–0–	4000–100–6000
16.	सिनेमा ऑपरेटर (नियमित) (डाइंग कैंडर)	01	–	01	–0–	3050–75–3950–80–4590
17	सिनेमा ऑपरेटर (नेमेत्तिक) (डाइंग कैंडर)	05	–	05	–0–	3050–75–3950–80–4590
18.	अधीक्षक	01	–	01	तृतीय श्रेणी (सचिवीय)	5500–175–9000
19.	निज सहायक	03	–	03	–0–	5500–175–9000
20.	शीघ्रलेखक ग्रेड–3	08	–	08	–0–	4500–125–7000
21.	लेखापाल	21	–	21	–0–	4500–125–7000
22.	कनिष्ठ लेखापाल (डाइंग कैंडर)	03	–	03	–0–	4000–100–7000
23.	सहायक ग्रेड–1	13	–	13	–0–	4500–125–7000
24.	सहायक ग्रेड–2	17	–	17	–0–	4000–100–6000
25.	सहायक ग्रेड–3	37	–	37	–0–	3050–75–3950–80–4590
